~~91148~~

तित्थयर

॥ जैन भवन ॥

वर्द्धमान महावीर माता त्रिशला की गोद में

वर्ष : २६ अंक : ९

दिसम्बर २००२

ज्ञान से पदार्थों को जाना जाता है,
दर्शन से श्रद्धा होती है,
चारित्र से कमास्त्रव की रोक होती है,
और तप से शुद्धि होती है।

Sethia Oil Industries Ltd.

Manufacturers of De-oiled Rice Bran, Mustard Deoiled Cakes, Neem deoiled Powder, Ground-nut De-oiled Cakes, Mahua deoiled cakes etc. And Solvent Extracted Rice Bran Oil, Neem Oil, Mustard Oil etc.

Plant
Post Box No. 5
Lucknow Road
Sitapur - 261001 (U.P.)
Ph: 42017/42397/42073
(05862)
Gram - Sethia - Sitapur
Fax: 42790 (05862)

Registered Office
143, Cotton Street
Kol - 700 007
Ph: 238-4329/
8471/5738
Gram - Sethia Meal

Executive Office
2, India Exchange Place
Kolkata - 700 001
Ph: 2201001/9146/5055
Telex: 217149 SOIN IN
FAX: 2200248 (033)

तित्थयर

श्रमण संस्कृति मूलक मासिक पत्रिका

वर्ष - २६ अंक - ९, दिसम्बर २००२

लेख, पुस्तक समीक्षा तथा पत्रिका से सम्बन्धित पत्र व्यवहार के लिये
पता - Editor : Titthayar, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Phone : 238-2655, e-mail : jbhawan@cal3.vsnl.net.in

विज्ञापन तथा सदस्यता के लिये कृपया सम्पर्क करें —
Secretary, Jain Bhawan, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Subscription for one year : Rs. 55.00, US$ 20.00,
for three years : Rs. 160.00, US$ 60.00,
Life Membership : India : Rs. 1000.00, Foreign : US$ 160.00

Published by Smt. Lata Bothra on behalf of Jain Bhawan from
P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007, Phone : 238-2655
and Printed by her at Arunima Printing Works, 81, Simla Street
Kolkata - 700 007 Phone : 241-1006

संपादन

श्रीमती लता बोथरा

॥ जैन भवन ॥

Jainology and Prakrit Research Institute

Jain Bhawan, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007.

Phone-238-2655. e-mail - jbhawan@cal3.vsnl.net.in.

अनुक्रमणिका

क्र. सं.	लेख	लेखक	पृ. सं.
१.	कर्म की कहानी	पन्यासप्रवर श्री सुयश मुनि जी	३८७
२.	तमिलनाडु में जैन धर्म		३९५
२.	कुण्ड कोलिक श्रावक	नरेन्द्र सिंह जैन	४००
३.	श्री चन्द्रराज चरित्र		४१०

कवरपृष्ठ : स्वर्गीय हीराचन्द दुगड़ द्वारा चित्रित एवं श्री जयन्त दुगड़ के सहयोग से प्राप्त चित्र में भगवान् महावीर माता त्रिशला की गोद में।

Composed by:

Jain Bhawan Computer Centre, P-25, Kalakar Street Kolkata - 700 007

कर्म की कहानी

पन्यासप्रवर श्री सुयश मुनि जी

नीचे के ढ़ेर में कुछ अधिक चावल रखें। नीचे के ढेर में स्वास्तिक, मध्य के तीन ढ़ेर सम्यगदर्शन, सम्यगज्ञान और सम्यग चारित्ररूप में बनाये। ऊपर अर्धचन्द्राकार सिद्ध शिला बनावें। देव, मनुष्य, पशु और नारक इस प्रकार चार गति रूप स्वास्तिक का चार पंख समझे।

भगवान की पूजा में गेहूं, चना, उढ़द, मूंग आदि धान्य का प्रयोग नहीं होता है मात्र चावल ही ग्रहण किया गया है क्यों कि चावल सर्वोत्तम अन्न और पुनः जन्म न लेनेवाला अजन्मा अन्न है। अन्य कोई विशिष्ट विधान में विभिन्न धान्य का व्यवहार होता है।

नैवेद्य पूजा–शुद्ध मिठाई (नैवेद्य) हाथ में या थाली में लेकर निम्नोक्त दोहा बोलकर नैवेद्यपूजा करें। नैवेद्यस्वास्तिक के मध्य में रखे।

नमोर्हत् ....

अणाहारी पद में किया विगई गई अनन्त।

दूर करी ते दीजिये, अणाहारी शिवसंत।।

ॐ ह्रीं .... नैवेद्य यजामहे स्वाहा।

नैवेद्य (मिठाई) पूजा करते समय निम्नोक्त भावना मन में लावें।

हे प्रभु.......! एक जन्म से अन्य जन्म में जाते समय मैं अनेक बार अनाहार अवस्था में रहा हूँ, पर जन्म होते ही पुनः आहार की इच्छा हो जाती है। हमें ऐसी शक्ति दे कि अनाहारी पद अर्थात् मोक्षपद को उपलब्ध कर सकूं।

जो वस्तु हम खाये या नया लावे, घर में तैयार करें, वे सबसे पहले मंदिर में भगवान को अवश्य अर्पण करें। मंदिर में अभक्ष्य, त्याज्य, दुर्गन्ध युक्त निद्यनिय, वस्तु न चढ़ावें। मिसरी नैवेद्य के रूप में चढ़ाया जा सकता है। शुभ प्रसंग में बने हुए भोजन की थाली भी भगवान को चढ़ानी चाहिए। चाकलेट लोजेन्स, बिस्किट आदि मंदिर में न चढ़ावे।

फल पूजा—थाली या हाथ में उत्तम फल लेकर निम्नोक्त दोहा बोलकर फल पूजा कर फल सिद्ध शिला में रखें।

नमोर्हत् ....

इन्द्रदिक पूजा भणी, फल लावे धरीराग।

पुरुषोत्तम पूजी करी, मांगे शिवसुख त्याग।।

ॐ ह्रीं .... फलं यजामहे स्वाहाः ।

फल पूजा करते समय निम्नोक्त भावना मन में लावें ....।

हे परम तारक —— ! इन्द्रादिक जैसे उत्तम भाव से उत्तम फल लाकर आपकी पूजा करते है, वैसे ही मैं भी फल पूजा करके मोक्षरूपी फल की कामना करता हूँ।

फल, उत्तम, मीठा, सुन्दर ग्रहण करें। त्याज्य, निन्दनीय फल से भगवान की पूजा करना अनुचित है। मौसम के अनुरूप उत्तम फल से प्रभु की पूजा करें।

उपरोक्त आठ पूजा को अष्ट प्रकारी पूजा करते है। इसके अतिरिक्त दर्पण, चामर, पंखा, पूजा का भी विधान है। वे पूजा अष्ट प्रकारी पूजा के बाद करनी चाहिए।

दर्पण पूजा— दर्पण प्रभु सन्मुख रखकर निम्नोक्त दोहा बोलकर पूजा करें।

नमोर्हत ....

प्रभु दर्शन करने हेतु दर्पण पूजा विशाल ।

आत्मदर्पण से देखे, दर्शन दो तत्काल।।

ॐ ह्रीं .... दर्पण यजामहे स्वाहा :।।

हे प्रभु......! मेरा जीवन भी काँच जैसा पारदर्शक बनें। मैं भी सभी कर्म मल को धोकर जीवन निर्मल बनाकर परम पद की उपलब्धि करूँ।

चामर पूजा—हाथ में चामर लेकर प्रभु के सन्मुख झुलावे, नृत्य करें, उल्लास पूर्वक प्रसन्नता प्रगट करें।

नमोर्हत् ....

नाच नाचे संसार में, भव अनंति बार।

चार गति निवारने को प्रभु तू एक तारण हार।।

ॐ ह्रीं .... चामर यजामहे स्वाहा।

पंखा पूजा — हाथ में पंखा लेकर भाव पूर्वक श्रद्धापूर्वक प्रभु सम्मुख पंखा हिलावे।

नमोर्हत् ....

जीवास्थिरता कारण रोग-शोक महाजंजाल।

साता साता कर्म से, मुक्ति दे दीन दयाल।।

ॐ ह्रीं .... पंखा यजामहं स्वाहा ।।

हे प्रभु .... ! आपने जैसी महाशांति की अनुभूति की वैसी ही महाशांति की अनुभूति मुझे हो ऐसी स्थिरता और शक्ति दें।

परमात्मा की पूजा भक्ति करते हुए अगर शुद्ध भावना न आती हो, मन प्रसन्न न होता हो तो, आप समझे कि पूजा में कहीं न कहीं गलती हो रही है। क्यों कि प्रभु की भक्ति में मन निर्मल होना ही चाहिए। अगर हमारा मन परमात्मा के प्रति समर्पित नहीं है तो इस संसार में कोई भी शक्ति सम्पत्ति, या सत्ता परम शान्ति देने में समर्थ नहीं हो सकती है।

मंदिर में पूजा करते समय तन और मन को शुद्ध रखने के लिए दश प्रकार का नियम पालन करने का निर्देश दिया गया है। जिसे शास्त्रीय भाषा में दशत्रिक कहते है। इस दशत्रिक को मंदिर का अनुशासन सूत्र समझे। इन नियमों को पालन करने से मन में निश्चित रूप से शांति आयेगी तथा व्यवस्था में कोई व्यवधान नहीं आवेगा। इससे मंदिर का संविधान समझे।

दशत्रिक—

१. निसीहित्रिक
२. प्रदक्षिणात्रिक
३. प्रणामत्रिक
४. पूजात्रिक
५. अवस्थात्रिक
६. दिशात्यागत्रिक
७. प्रभार्जनत्रिक
८. आलम्बनत्रिक
९. मुद्रात्रिक
१०. प्राणधानत्रिक

१. निसीहत्रिक— संसार के आरंभ समारंभ से निवृत्ति को निसीहि कहते है। मंदिर, उपाश्रय या अन्य धार्मिक स्थानों में प्रवेश करते समय क्रमिक तीनवार निसीहि बोलना चाहिए।

प्रथम निसीहि— मंदिर में प्रवेश करते समय यह निसीहि बोलने के बाद संसार की सभी बाते भूल कर मंदिर सम्बन्धित विषय का चिन्तन करना चाहिये। मंदिर का निरिक्षण करें, मंदिर व्यवस्था कोई अव्यवस्था हो, दर्शक पूजक को असुविधा हो तो पुजारी या सम्बन्धित व्यक्ति को लिखित या मौखिक सूचना करें। अपने से संभव हो तो स्वयं उस अव्यवस्था को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिये। मंदिर में क्लेश या अशांति का कारण न बनें।

द्वितीय निसीहि— मूल गभारे में (मूल-गर्भगृह) प्रवेश करते समय यानि द्रव्य पूजा करने से पूर्व यह निसीहि बोले। इसके बाद सभी बातों को भूल कर स्वयं, भगवान और पूजा सामग्री तक ही विचारों को सीमित बना रखें।

तृतीय निसीहि— चैत्यवंदन, भावपूजा करने से पूर्व यह निसीहि बोले। इसके बाद स्वयं का भगवान से अभिन्न सम्बन्ध स्थापित करें। अन्य सभी बाह्य पदार्थ को भूल जावें। सभी पूजा विधि क्रम बद्ध ही करें।

२. प्रदक्षिणात्रिक— प्रदक्षिणात्रिक का विषद वर्णन पूर्व में किया गया है

३. प्रणामत्रिक— स्वयं को नम्र और समर्पित बनाकर पूज्यपद में भावपूर्वक मस्तक झुकाने की प्रक्रिया को नमस्कार कहते है।

अर्जलिबद्ध प्रणाम— मंदिर में प्रवेश करते हुए प्रथम प्रभुदर्शन के समय, दूर से मंदिर के शिखर के दर्शन के समय इस मुद्रा में नमो जिणाणं, बोलकर प्रणाम करें। रास्ते में या उपाश्रय में गुरु म० सा० के प्रथम दर्शन होते समय मत्थयेण वन्दामि, और साधर्मिक भाई के मिलन के समय में जय जिनेन्द्र बोलकर इस मुद्रा में प्रणाम करें।

अंजलिमुद्रा स्थिति—दोनों हाथ जोड़कर ललाट स्पर्श कराते हुए मस्तक को कुछ झुकाना।

अर्धावनत प्रणाम—मंदिर के मूल गभारे में प्रवेश करते समय, परमात्मा की स्तुति करने से पूर्व इस मुद्रा में प्रणाम करके मूल गभारे में प्रवेश करे या भगवान की स्तुति करें।

अर्धावनत प्रणाम स्थिति— अंजलिबद्ध प्रणामवत् पर शरीर को कमर से आधा से अधिक झुकावें।

पंचांग प्रणिपात प्रणाम—चैत्यवंदन, गुरुवंदन, इरियावहि, करते समय इस मुद्रा में खमासमण सूत्र बोले।

पंचांग प्रतिपात प्रणाम स्थिति–दो हाथ, दो घुटने और मस्तक ये पाँच अंग को भूमिस्पर्श कराना।

४. पूजात्रिक— अंग पूजा जिस पूजा में भगवान का अंग स्पर्श होता है, उस पूजा को अंग पूजा कहते है जैसे – जल पूजा, चन्दन पूजा, पुष्प पूजा, वासक्षेप पूजा आदि। इस पूजा से विघ्न और शरीर का रोग नाश होता है। इस पूजा को विघ्नोपशामिनी कहते है।

अग्रपूजा— जो पूजा भगवान के सन्मुख रंगमंडप में किया जाता है, इससे अग्रपूजा कहते है। जैसे–धूप पूजा दीपपूजा, अक्षत पूजा, नैवेद्य पूजा, फल पूजा, आदि इस पूजा से जीवन में अभ्युदय और मनोकामना पूर्ण होती है। इससे अभ्युदय कारिणी कहते है।

भाव पूजा–जिस पूजा में कोई द्रव्य की आवश्यकता नहीं होती है, मात्र भाव पूर्वक पूजा होती है उसे भाव पूजा कहते है। जैसे–चैत्यवंदन, स्तुति, ध्यान, जाप आदि। इस पूजा से कर्मनाश होकर मोक्षकी प्राप्ति होती है। इससे मोक्षदायिणी कहते है।

इन तीनों पूजा में जितनी पूजा संभव हो उतनी पूजा करनी चाहिए।

५. अवस्थात्रिक— परम तारक प्रभु से एक मेकता उपलब्ध करने के लिए 'अवस्था चिन्तनत्रिक' आवश्यक है। द्रव्यपूजा, अष्टप्रकारी पूजा करने के बाद और चैत्यवंदन विधि से पूर्व अवस्था चिन्तन करना चाहिए।

परमात्मा के जीवन काल के विभिन्न समयकाल के अलग-अलग चिन्तन को 'अवस्था चिन्तनत्रिक' कहते है। स्वयं की जीवन घटनाओं को बारंबार चिन्तन करने से कर्म का बन्ध होता है, पर परमात्मा की जीवन घटनाओं को चिन्तन करने से कामनायें नष्ट होती है।

परमात्मा के जीवन की विशिष्ट अवस्था जैसे जन्म, ५६ दिक्कुमारी का जन्म महोत्सव, ६४ इन्द्र द्वारा मेरू शिखर में अभिषेक, युवावस्था, वैराग्यमय जीवन, भोग में उदासीनता, दीक्षा, ज्ञान, समोवसरण, मोक्ष आदि अवस्था के चिन्तन से जीवन की चिन्ता दूर होती है।

उनके पद चिन्ह में चलने की कामना जगती है।

पिण्डस्थ अवस्था–परमात्मा के जन्म से केवलज्ञान के पूर्वावस्था तक को पिण्डस्थ अवस्था कहते है।

इसको तीन भाग में रखा गया है।

क. जन्मावस्था, ख. राज्यावस्था, ग. श्रमणावस्था।

जन्मावस्था—१४ महास्वप्न दर्शन, जन्म ५६ दिक्कुमारी द्वाराजन्म महोत्सव, ६४ इन्द्र द्वारा मेरुशिखर पर अभिषेक, माता-पिता परिवार जन द्वारा जन्मोत्सव प्रभुजन्म समय में तीनोंलोक में सुख की अनुभूति देवों द्वारा धन की पूर्ति आदि का चिन्तन करते हुए प्रार्थना करें।

हे प्रभु........! आपके इस संसार में पदार्पण होते ही प्राणी जीव भी पाप को भूलकर परम शांति की अनुभूति करते है। मुझे भी ऐसी शक्ति दे कि मैं स्वयं के जीवन में शांति की स्थापना करूं, और अन्य को भी परम शांतिदायक बनाऊँ।

राज्यावस्था—हे प्रभु....! आपके चरणों में लक्ष्मी और सत्ता दासी थी। हजारों क्षत्रिय आपकी सेवा में तत्पर रहतें थे। आप उन सभी को तृणवत् समझकर इन सभी में अनासक्त रहे, ऐसी हमें भी शक्ति दे की आसक्ति से मुक्त होकर अनासक्त पद को उपलब्ध कर उन्मुक्त जीवन का आनन्द उपभोग करूं।

श्रमणावस्था— हे परम तारक, परमात्मन् .....! आपने लोकान्तिक देव के मात्र संकेत से एक वर्ष तक रोज सुबह एक प्रहर १ करोड़ ८० लाख सुवर्ण मुद्रा दान देकर जनता की दारिद्रता नष्ट की थी। लक्ष्मी का सदुपयोग करके बन्धन से मुक्त हो गये। हमें भी ऐसी शक्ति दे कि मेरी कृपणता नष्ट हो और लोकहित में धन का सदुपयोग करूं।

हे प्रभु.......! आप सभी वस्तु को त्यागकर निर्मोही बनकर संसार से पार उतर गये। उपसर्गों से अविचलित रहें। मुझे भी ऐसी शक्ति दे कि संसार का कोई भी कष्ट सहते हुए न घबराऊं और त्यागमय जीवन जीने में समर्थ बनूं।

पदस्थ अवस्था— केवलज्ञान से मोक्ष जाने की पूर्वावस्था तक चिन्तन करें।

हे सर्वदर्शी.......! आपने केवलज्ञान द्वारा विश्व की वास्तविक स्थिति को जानकर समोवसरण में धर्मदेशना देकर भव्य जीवों को कल्याण को मार्ग बताया। अपार करुणा वर्षाये। मुझे भी कृपापात्र बनाकर मेरे हृदय को कोमल, नम्र, शीतल बनाने की शक्ति प्रदान करें।

रूपातित अवस्था—हे निरंजन, निराकार परमपिता ....! हमें भी सभी बन्धनों से मुक्त होकर निराकार पद प्राप्ति की शक्ति प्रदान करें।

दिशि निरीक्षण त्यागत्रिक— प्रभु की पूजा भक्ति के समय परमात्मा के सम्मुख दिशा को छोड़कर अन्य सभी दिशाएं त्याग करें अर्थात् अ दिशा में दृष्टिपात न करें। हमारा मानसिक स्वभाव सहज अन्य को देखने का होने के कारण छोटी भी प्रतिक्रिया होते ही हम उस दिशा में आकर्षित होते है। परिणाम स्वरूप हमारी क्रिया अशुद्ध हो जाती है। दृष्टि की स्थिरता एकाग्रता का एक मुख्य कारण है।

प्रमार्जनत्रिक—कोई भी वस्तु लेते समय रखते समय, उठते बैठते समय तीनबार उस स्थान को साफ करके निरीक्षण करना चाहिए। उठते-बैठते स्वयं के उत्तरासंन से जमीन का प्रमार्जन अवश्य करें। जैन धर्म अहिंसा धर्म है। हमारी क्रिया में कोई भी जीव को हानि न पहुँचे इस बात का ध्यान सबसे पहले रखना आवश्यक है।

आलंबनत्रिक—मन चंचल है। इस मन को कुछ न कुछ कार्य चाहिए। आज प्रायः सभी आराधको का एक प्रश्न होता है मन धर्म क्रिया में स्थिर नहीं होता है। इन सभी प्रश्नकारक को यह तो पता ही नहीं चलता कि वे धर्म क्रिया करते समय मन से क्या काम लेते है। खाली मन शैतान का घर (Empty mind is devils workshop) इसलिए कोई भी कार्य करते समय मन को उचित स्थान पर रखना आवश्यक है। मन, वचन काय को स्थिर करने के तीन आलम्बन है।

प्रतिमा आलम्बन—प्रभु की करुणाभरी आखें, निर्दम्भी होठ, निर्दोष गाल निर्विकारी मुख मुद्रा, निरभिमानी स्कंध, निरीक्षण करते रहें।

सूत्र आलम्बन—प्रतिमा निरीक्षण द्वारा शरीर को स्थिर कर सूत्र के शुद्ध उच्चारण द्वारा सुमधुर स्वर से वचन को अन्य स्थानों में जाते हुए रोकना। सूत्र भी सुन्दर भाव से, सुसंगत, धीरे-धीरे बोले कि अन्य को बाधा न पहुँचे।

अर्थ आलम्बन—सूत्र के मूलअर्थ के चिन्तन से मन को स्थिर रखें। क्यों कि मात्र सूत्र बोलने से मन और कहीं भटकता रहता है। सूत्र के साथ साथ अर्थ का चिन्तन मन को स्थिर करना है।

मुद्रात्रिक— धार्मिक हो या संसारिक हर क्रिया में मुद्रा की आवश्यकता होती है। कार्य सफलता के लिए मुद्रा का विशेष महत्व है। विशेष आसन मुद्रा से शरीर की आन्तरिक प्रक्रिया में विशिष्ट परिवर्तन आता है। परिणाम स्वरूप मन शांत होता है। अच्छी मुद्रा मन में अच्छी भावना जगाती है। खराब इसके विपरीत फल को देती है।

योगमुद्रा—मुद्रास्थिति—दाहिने पैर के बल बैठ बाँया पैर ऊँचा रखें। दोनों हाथ जोड़कर हृदय के पास रखें।

इस मुद्रा में चैत्यवंदन, जंकिंचि, नमुत्थुणं स्तवन और अन्तिम आधा जय वियराय सूत्र बोले—

मुक्ता सूक्ति मुद्रा—योगमुद्रा जैसी ही यह मुद्रा है इसमें हाथ जोड़कर ललाट में रखें। १० अंगुली परस्पर मिलाकर कमल की कली जैसी आकृति बनावे। मुक्तासुक्ति का अर्थ ही होता है सितूक जैसा आकार।

इस मुद्रा में जावंति चेइआई, जावंत केविसाहु और आभवमखंडा तक जय वियराय सूत्र बोला जाता है।

जिनमुद्रा—जिनेश्वर भगवान जैसी मुद्रा-जिनमुद्रा। इसी मुद्रा में जिनेश्वर परमात्मा कायोत्सर्ग ध्यान में रहे थे। इस मुद्रा में कायोत्सर्ग विधि होती है।

मुद्रावस्था—सीधा खड़ा होकर दोनों पैर के बीच आगे के भाग में चार अंगुल और पीछे के भाग में उससे भी कुछ कम दूरी रखें। जो हाथ शरीर को स्पर्श करता हुआ घुटने तक ले जावें। दृष्टि नासिकाग्र भाग में रखे।

क्रमशः

तमिलनाडु में जैन धर्म

(पुनरावृत्ति)

ब्राह्मण विचारधारा के विश्वासी लोगों द्वारा नष्ट हो गये अथवा गौण पड़ गए प्रत्यक्ष अवशेषों के अभाव के बावजूद मदुरा शहर इस बात का परिचायक है कि पांड्य राजाओं की प्रिय इस राजधानी में जैन धर्म एवं उसके मत को काफी प्रोत्साहन के साथ संबंधित किया गया। तेवरम के श्लोकों और मदुरा के स्थल पुराण के अनुसार मदुरा एवं आसपास की पहाड़ियाँ– अन्नमलई, नागमलई एवं पशुमलई जैन धर्म-गुरुओं के गढ़ थे।

मदुरा से थोड़ी दूर पर ही तिरुपरनकुनरम नामक एक पहाड़ी है। यह प्रस्तर अभिलेखों एवं ब्राह्मी लिपि के अभिलेखों के कारण विख्यात है। **'सरस्वती तीर्थ'** के समीप एक ढालूनुमा टीले की काफी ऊँचाई पर पत्थर पर तराशे गये दो चौकोर स्थल हैं। उनमें से एक में एक खड़ी जिन की मूर्ति है। इसके दोनों तरफ सर्प एवं परिचायकों के मनोरम चित्र हैं। दूसरे चौकोर स्थल पर उसी चित्रकारी शैली में जैन देव/देवियों की मूर्तियाँ हैं। पंचमुखी सर्प का चित्र, ऊपर से छत्र आच्छादित एवं परिचारकों के चित्रण की भव्यता उल्लेखनीय है। संभवतः इनमें जिन पार्श्वनाथ एवं सुपार्श्वनाथ की मूर्तियाँ हैं।

अन्नामलई पहाड़ी मदुरा से छह मील पूर्व की ओर स्थित है। ब्राह्मण विचारधारा के प्रबल प्रभाव के कारण आज यह स्थल यद्यपि ब्राह्मणों के साधु संतों एवं देवमूर्तियों का प्रमुख केन्द्र-स्थल बन गया है तथापि इस स्थान ने जैन धर्म एवं उसकी परम्परा से संबंधित जो साक्ष्य अभिलेख एवं अवशिष्ट मूर्तियाँ सुरक्षित रखी हैं वे अत्यन्त आकर्षण अनिंद्य हैं। कोई इसे अवहेलित नहीं कर पाएगा। जैनों और उनके भगवान की चित्रित मूर्तियों की श्रृंखला पत्थरों पर तराशी गई हैं जो एक प्राकृतिक गुफा के ऊपर लटक रही हैं। इन चित्रों के इर्द-गिर्द कई अभिलेख हैं जिनमें से एक में अज्जानंदी नामक एक प्रचारक का वर्णन उपलब्ध है। इस प्रकार यह तथ्य प्रमाणित होता है कि अन्नामलई जैन धर्म गुरुओं एवं संतों का एक प्रमुख केन्द्र स्थल था।

अलगरमलई नामक पहाड़ी श्रृंखला मदुरा से करीब १२ मील उत्तर-पश्चिम की ओर है। यहाँ एक विशाल गुफा है जिसमें पत्थर के बिस्तर हैं एवं उसके सिरहाने की तरफ ब्राह्मी-अभिलेख अंकित हैं। उसी पत्थर पर और लगभग उसी ऊँचाई पर एक जैन-संत का सिद्धासन की मुद्रा में चित्र अंकित है। उस अभिलेख से पता चलता है कि यह अज्जानंदी की कलाकृति है। शायद यह चित्र उनके धर्म गुरु का है।

पेरियाकुलम तालुक के उत्तमपलइयम में तीर्थंकरों के चित्र पत्थरों पर अंकित हैं जिन्हें '**करुप्पन्नासामी पत्थर**' कहा जाता है।

नीलकोट्टई तालुक के मुट्टुपट्टी के पास लटकता हुआ एक बड़ा-सा पत्थर है जिसने पत्थर के बने विश्राम-स्थलों को जगह दी है। इसी के पास जिन की एक आकृति है जिसमें वह एक सिंहासन पर विराजमान है एवं दोनों ओर शेर एवं अन्य आकृतियाँ मौजूद हैं। यह मूर्ति भगवान महावीर की है।

ऐसे ही एक और पत्थर पर दो अन्य आकृतियाँ बनाई गई हैं। तिरुमंगलम तालुक के कोंगर पुलियांगनम नामक एक साधारण से गाँव में भी इसी प्रकार की आकृतियाँ एवं पत्थर के बने विश्राम-स्थल पाए गए हैं।

मदुरा तालुक के किलाकुड्डी नामक गाँव के निकट उम्मानामलई नामक एक पहाड़ी श्रृंखला है जिसमें सेत्तिपोडावु नाम की एक प्रचलित गुफा है। इस गुफा के आसपास जैन धर्म के कई चिह्न एवं अवशेष मिले हैं।

इस स्थान से और ऊपर की ओर पहाड़ की चोटी पर पेच्छिपालम नाम की एक जगह है जहाँ पूर्व दिशा की ओर मुख किए कई विशाल जिन मूर्तियाँ हैं।

तिरुमंगल तालुक के कुप्पालनट्टम के निकट पोगाईमलई नामक एक पहाड़ी है। यहाँ एक प्राकृतिक गुफा है जिसकी एक दीवार पर जैन तीर्थंकरों की कई आकृतियाँ हैं।

पंचपांडवमलई नामक एक पहाड़ी मेलुर तालुक के किलालवु गाँव से एक मील की दूरी पर है। इसी के पास एक पत्थर पर छः जिन आकृतियाँ अंकित हैं।

मदुरा क्षेत्र में पाए गए अभिलेखों की जाँच करने पर पता चलता है इस स्थान पर कुरुण्डी तिरुकट्टाम्बल्ली नामक एक प्रसिद्ध मठ था एवं कई

प्रमुख प्रचारक भी । अष्टोपवसी एवं उनके शिष्य अरिष्टनेमि भी, उत्तमपलायम के विवरण अनुसार इसी मठ से संबंधित थे। मुट्टपट्टी के अभिलेख के मुताबिक अष्टोपवसी का उल्लेख उनके शिष्यों की दो पीढ़ियों के साथ किया गया है। माघनंदी इसी अष्टोपवसी का एक और शिष्य था। इन अभिलेखों से जैन प्रवर्तकों के तीन पीढ़ियों—गुणसेन-प्रथम, वर्धमान एवं गुणसेन द्वितीय काफी प्रसिद्ध हैं एवं कहा जाता है कि गुणसेन प्रथम इस मठ के मठाधीश थे। यह वही गुणसेन-प्रथम हो सकते हैं जिनका वर्णन पेच्छिपालम पीढ़ियों के जैन प्रवर्तक जिनके प्रमुख कंकनादि थे, का वर्णन भी सेट्टिपोडाबु के अभिलेख में किया गया है, जो इसी मठ से संबंधित थे एवं जो गुणसेन की पीढ़ी के बाद वाली पीढ़ी में शायद आये थे।

एक और खास बात जो इस पुरातन खोज से प्रकाश में आती है वह है अज्जनंदि अथवा आर्यनंदी का महान व्यक्तित्व एवं तमिलनाडु में जैन धर्म के उत्थान में उनका सहयोग। उत्तरी आरकोट के वल्लिमलई की पहाड़ियों में तथा मदुरई जिले के अन्नमलई, अवरमलई, अलगरमलई, करुंगलकुड्डी एवं उत्तमपलईयम में मूर्तियों के अंकन में भी इन्हीं को श्रेय दिया जाता है. दक्षिण की ओर और आगे जाते हुए तिन्नेवेल्ली जिले के इरुवडी में भी हमें उनका वर्णन मिलता है। यहाँ तक कि ट्रावणकोर राज्य के सुदूर कोने में बसे चैतरल के निकट तिरुछन्नट्टुमलई-की पहाड़ियों पर भी अंकित चित्रों में उन्हीं का हाथ माना जाता है। अज्जनंदी का वर्णन हमें आठवीं एवं नवीं सदी में मिलता है।

सातवीं सदी के उत्तरार्द्ध में एवं तत्पश्चात् जैन संप्रदाय के अनुयायी लोगों के खिलाफ तमिल प्रदेश में एक गंभीर स्थित सामने आई। कांची इलाके के संत अप्पर एवं मदुरा क्षेत्र के संबंधर ने जैन-अनुयायियों के खिलाफ एक धर्मयुद्ध छेड़ दिया। इन्हीं विपरीत क्षणों में अज्जनंदी के व्यक्तित्व की झलक देखने को मिलती है। अपने धार्मिक ज्ञान एवं अदम्य उत्साह से प्रेरित होकर अज्जनंदी ने देश के कोने-कोने में घूम-घूम कर जैन धर्म का प्रचार-प्रसार किया एवं कई मूर्तियों तथा धार्मिक संस्थानों का जगह-जगह उद्धार भी किया।

तिनवेल्ली इलाका : दक्षिण की ओर बढ़ते हुए हम एक और मनोरम पहाड़ी इलाके की ओर आते हैं जिसे जैन धर्म का एक गढ़ माना जाता था।

यह तिनवेल्ली जिले के कोलपट्टी तालुक में बसे कलुगुमलई गाँव के पास की पहाड़ी है। यहाँ पर मिले प्राकृतिक गुफाओं एवं विश्रामस्थलों पर मिले ब्राह्मी अभिलेखों से हमें पता चलता है कि ई० पू० तीसरी सदी में भी यहाँ धार्मिक प्रवर्तकों की पहुँच थी। जैन-मूर्तियाँ थोड़ी ऊँचाई पर लटकते हुए पत्थरों पर खुदाई कर अंकित की गई हैं। काल्पनिक भव्यता एवं बारीकियों के साथ की गई एस चित्रांकन की सुन्दरता एवं अनोखापन वास्तव में काफी दर्शनीय एवं सराहना-योग्य है। चिरकाल तक रहने वाले इस मानवीय हस्तकला का अनूठा प्राकृतिक नमूना जो कि प्राकृतिक सौन्दर्य पर मानव की महानतम विद्वता की जीत का प्रतीक है, दक्षिण भारत में जैन धर्म का एक बेमिसाल उदाहरण है।

अब हम अपनी यात्रा के आखिरी पड़ाव पर दक्षिण भारत के दक्षिण-पश्चिम कोने के पवित्र स्थान पर आते हैं। यह चित्राल के समीप एक छोटी सी पहाड़ी है जो कि त्रावणकोर जिले में विलवांगोद तालुक में पड़ती है। इस पहाड़ी को तिरुचरणत्तुमलई के नाम से जाना जाता है। जिसका अर्थ है **'चारणों की धार्मिक पहाड़ी।'** जैन धर्म-शास्त्र के अनुसार **चरण** संतों का ऐसा समुदाय है जिन्होंने प्रकृति को अपने वश में किया था।

पहाड़ी के ऊपर एक प्राकृतिक गुफा है जिसे कालांतर में मंदिर का रूप दे दिया गया। यह अब ब्रह्म-पंथी समुदाय के अधीन है एवं इसे भगवती का मंदिर कहते हैं। यहाँ की मूर्तियों के नजदीकी अवलोकन के बाद इस बात का रहस्योद्घाटन हुआ है कि ये मूर्तियाँ जैन-धर्म के देवता महावीर तथा पार्श्वनाथ की हैं। इसमें शक नहीं कि पहले इस मंदिर में जैन-संप्रदायी पूजा-अर्जना करते होंगे। इस बात का प्रमाण बाहर झूलते पत्थरों पर अंकित जैन-संप्रदाय की मूर्तियों के चित्रण से मिलता है।

चारणों की यह पावन-पहाड़ी पुराने समय से ही जैनियों का गढ़ प्रतीत होता है, क्योंकि यहाँ जैन-धर्मावलंबी सुदूर प्रदेशों से दर्शन के लिए आते थे।

त्रावणकोर इलाके के सुदूर दक्षिणी क्षेत्र में नागरकोल एक बड़ा शहर है। यहाँ का नागराजस्वामी मंदिर अब हिन्दुओं के अधीन है, मगर यहाँ पार्श्वनाथ, पद्मावती एवं महावीर की कई मूर्तियाँ भी मिली हैं जिन्हें मुख्य मठ के स्तंभों पर बने मंडपों पर अंकित किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि

पहले यह मंदिर जैन देवी-देवताओं के स्मरण में बनाया गया था। इस बात की पुष्टि वहाँ के शिलालेखों पर भी मिलती है। मंदिर के समीप ही जैन-संप्रदाय के एक विशाल समुदाय के वहाँ बसे होने के संकेत भी मिलते हैं।

इस प्रकार पंद्रह सदियों से कुछ ज्यादा समय तक तमिलनाडु में जैन धर्म का काफी नजदीकी संबंध रहा एवं इसका वहाँ के लोगों एवं संस्कृति पर काफी गहरा असर पड़ा। इस तथ्य का पता तमिल-साहित्य से भी मिलता है जिसमें जैन-धर्मावलंबियों द्वारा लिखित कार्यों एवं उनके विचारों की कई पुस्तकें अभी भी सुरक्षित पाई जा सकती हैं। इस तरह से जैन-धर्म के अनुयाइयों ने तमिल-साहित्य में अप्रतिम सहयोग दिया, जिस पर किसी भी धर्म के अनुयाइयों को गर्व हो सकता है। जैनियों द्वारा लिखे गए कई साहित्यिक कार्य हिन्दुओं के धर्म-पुनरुत्थान के झोंके में नष्ट हो गए और इसी कारणवश आज जैन-साहित्य तमिल भाषा की तुलना में कन्नड़ भाषा में अधिक है। मगर तमिल भाषा में जैनियों द्वारा किए गए कार्य उनके द्वारा चलाए गए धर्म-प्रचार तथा समकालीन कार्यों के अनुरूप ही हैं, जो हजार वर्षों से अधिक समय तक विद्यमान थे।

कुण्डकोलिक श्रावक

नरेन्द्र सिंह जैन

तीसरा अनुच्छेद

इतने ही में दूर से आती हुई पहियों की घरघराहट सुनाई दी। तत्काल ही उसने एक वृक्षपर चढ़कर देखा, तो एक रथ उसी ओर आता दिखाई दिया। अतएव रथ देखते ही वह तुरंत नीचे उतर आया और पूरी शक्ति लगाकर उसके सामने दौड़ चला। थोड़ी देर में वह रथ के निकट जा पहुँचा और रथ हाँकनेवालों को भी ऋषि मानकर उसने कहा,—हे तात! मैं आपको नमस्कार करता हूँ।

ऋषिकुमार! तुम्हें कहाँ जाना है? रथिक ने पूछा।

मेरी पोतन नामक आश्रम में जाने की इच्छा है। महर्षि! आप कहाँ पधार रहे हैं? यह सुन रथिक ने भी विनोद पूर्वक उत्तर दिया,—मैं भी पोतनाश्रम को ही जा रहा हूँ।

वल्कलचीरी निश्चिन्त होकर रथ के साथ साथ चलने लगा।

रथ में रथिक की प्रिया बैठी हुई थी। अतएव उसे भी वल्कलचीरी बारंबार तात! तात! कहकर ही सम्बोधन करने लगा। इस पर उसने अपने पति रथिक से पूछा,—"यह किस प्रकार की वाणी है, कि जिससे यह तापस कुमार मुझे तात, तात कहकर सम्बोधन कर रहा है।"

रथिक ने कहा,—यह बेचारा भोला-भाला है। स्त्रियों से रहित वन में ही निरंतर रहनेवाले इस तापस-कुमार को स्त्री-पुरुष के भेद का ज्ञान नहीं है। इसीलिये यह तुझे भी पुरुष ही समझ रहा है।

इस प्रकार चलते हुए रथ में जुते हुए मृगों को देखकर वल्कलचीरी ने विचार किया कि यह क्या बात है? मुनि के लिये ऐसा करना शोभा दे सकता है? और इसी लिए उसने रथिक से पूछा,-"हे महर्षि! आपने इन मृगों को इस प्रकार क्यों जोत रखा है? इन बेचारे मृगों को इस प्रकार वाहन में जोतना किसी मुनिके योग्य नहीं कहा जा सकता!"

वल्कलचीरी के इस प्रश्न को सुनकर उसकी मुग्धतापर हँसते हुए रथिकने कहा-इन मृगों का यही उपयोग है, इसलिए इसमें कोई दोष नहीं!

इस प्रकार वार्तालाप करते हुए थोड़ा मार्ग तय करने के बाद रथिक ने एक स्थानपर रथ को रोककर खान-पान की तैयारी की।

रथिक के पास लड्डू-पेड़े थे। उनमें से उसने वल्कलचीरी को भी खाने के लिये दिये। उनको खाकर उस मधुर स्वाद के सुख में मग्न वल्कलचीरी ने कहा,-हमारे आश्रममें आये हुए पोतनाश्रम के महर्षि भी एेसेही स्वादिष्ट वनफल लाए थे। अतएव जब मैंने उनके दिये हुए फल खाये, तो अपने आश्रम के बिल्व फल और आँवले आदि फलों से में एकदम उदासीन बन गया। मुझे विश्वास हो गया कि सच्चा स्वाद तो पोतनाश्रम के ही फलों में है और यही एक कारण है कि मैं पोतनाश्रम जाने के लिये उत्सुक हो रहा हूँ।

इस प्रकार रथिक और वल्कलचीरी जब वार्तालाप कर रहे थे। ठीक उसी समय एक चोर पीछे से रथमें चोरी करने के प्रयत्न में लगा हुआ था। अतएव जैसे ही रथिक की दृष्टि उसपर पड़ी कि वह भागने लगा। किन्तु रथिक ने भागते हुए उसे पकड़ लिया और रथिक एवं चोरके बीच भयंकर युद्ध आरम्भ हो गया।

वल्कलचीरी ने अपने जीवन में पहली ही बार इस प्रकार दो व्यक्तियों को लड़ते हुए देखा था। अतएव उसने चिल्लाते हुए कहा कि,-"हे महर्षियों! आपका इस प्रकार परस्पर प्रहार करना उचित नहीं है!"

वल्कलचीरी के चिल्लाते रहने पर भी युद्ध चलता ही रहा। चोर बड़ा ही बलवान था; इधर रथिक भी कलावान था। अतएव मौका देखकर रथिक ने ऐसा प्रहार किया कि चोर चक्कर खाकर भूमि पर गिर पड़ा।

रथिक का यह प्रहार चोर के लिए मृत्युदंड के समान ही था; किंतु वह अपने को बड़ा ही पराक्रमी मानता हुआ भी यह धारणा रखता था कि पराक्रमी पुरुष अपने शत्रु के भी पुरुषार्थ की प्रशंसा ही करते हैं। अतएव बलवान चोर रथिक के पराक्रम पर मुग्ध होकर कहने लगा कि :-

तुमने अपने प्रहार से मुझे परास्त कर दिया, अतः मैं तुम पर प्रसन्न होकर अपना जो विपुल द्रव्य यहां गड़ा हुआ है, वह सब देता हूँ। क्योंकि अब मैं जीवित नहीं रह सकूंगा।

चोर के कहने पर रथिकने वह द्रव्य ग्रहण कर, अपने रथ में रख लिया। किन्तु वह जानता था कि-यह चोरी का धन है और ऐसा धन लेनेवाला भी अन्त में दुखी हुए बिना नहीं रहता । किन्तु आंखों के सामने विपुल द्रव्य को देखकर न ललचाना विरले ही आत्माओं के लिए शक्य हो सकता है।

जानना एक बात और जाने हुए को व्यवहार में लाना दूसरी बात है। दुराचार को निन्दनीय समझने वाले भी उसके लिये मौका पाते ही दुराचार करने में भी प्रवृत्त हो जाते हैं। अर्थात् ऐसे अवसर पर उससे अलग रहने वाले विरले ही होते हैं। ऐसी आत्माओं का अस्तित्व जगत् में सदैव ही नाममात्र का होता है। अच्छी बात को जानने की सच्ची सिद्धि उसे व्यवहार में लाने पर ही आधार रखती है। क्रोध करना बुरा है और अभिमान रखना भी निन्द्य है; इसी प्रकार माया में फँसना भी उचित नहीं; लोभी बनना या विषयासक्त होना भी अत्यन्त निन्दित है; किन्तु यह सब जानते हुए भी इसे बुरा मानकर त्यागने या बचने वाली आत्माएँ इनी गिनी ही होती हैं। अर्थात् निन्दनीय आचरण को त्यागकर उससे विचलित न होने की सावधानी रखने वाले विरले ही देखने में आते हैं।

रथिक ने चोर का एकत्रित किया हुआ वह सब धन लेकर रथ को हाँकना आरंभ किया। किन्तु इस प्रकार आकस्मिक द्रव्य प्राप्ति से उसमें नये ही प्रकार की शक्ति प्रकट हो चली; और उसका प्रथम प्रयोग उसने रथ के घोड़ों पर ही किया।

धन की गर्मी विवेकहीन मनुष्यों का मनुष्यत्व मिटाकर उन्हें पशु बना देती है। उनका मन दुर्विचारों का धाम बन जाता है। वाणी की मृदुता नष्ट हो जाती है। और उसकी काया पाप प्रवृत्तियों में ही संलग्न रहती है। वैसे धन का सदुपयोग भी संभव है और धन के द्वारा सत्प्रवृत्तियां भी हो सकती हैं। इसी प्रकार धन के सद्व्यय से भी स्वोपकारगर्भित परोपकार हो सकता है। किन्तु वह उन्हीं धनिकों के लिए संभव है, जो कि विवेकशील होने के

साथ ही द्रव्यलोलुप नहीं होते। अविवेकी को प्राप्त धन तो उसके स्वतः के लिये तथा अन्य अनेकों के लिए भी श्राप रूप बन जाता है। यहाँ तक कि ऐसे धनिकों के आश्रित पशुओं को भी प्रसंगानुसार भीषण क्रूरता का अनुभव करना पड़ता है।

थोड़ी देर में पोतनपुर के निकट पहुंचने पर रथ को रोककर वल्कलचीरी से रथिकने कहा कि —तापस कुमार! तुम जिस पोतनाश्रम में जाना चाहते हो, वह यही है!

अच्छा, तो मैं जाता हूँ।

लेकिन, तुम कहां जाओगे?

इस आश्रम के महर्षियों के पास!

तो जरा ठहरो, और यह लेते जाओ।

यों कहकर रथिकने वल्कलचीरी को थोड़ा सा धन देना चाहा। क्योंकि इस प्रकार के मुग्ध प्राणियों के प्रति इतनी सहानुभूति और वह भी अकस्मात् प्राप्त हुई सम्पत्ति के कारण उत्पन्न होना स्वाभाविक ही था। किन्तु वल्कलचीरी ने उत्तर दिया कि मुझे इसकी आवश्यकता नहीं है।

इस पर फिर रथिक ने कहा कि,—इस आश्रम के महर्षि किसी को भी बिना द्रव्य लिये, आश्रय नहीं देते। अतएव यह द्रव्य देकर कहीं आश्रय प्राप्त करना। इसपर वल्कलचीरी ने उसे स्वीकार कर लिया।

चौथा परिच्छेद

वल्कलचीरी ने पोतनपुर में प्रवेश किया और वहाँ ऊँचे एवं विशाल भवनों को देखकर वह दिग्मूढ़ बन गया। **ऐसे बड़े आश्रम** और इतने महर्षि! आश्चर्य है ! फिर भी वह राजमार्ग पर चलता हुआ बीचमें मिलनेवाले सभी मनुष्योंको **महर्षि !** मैं आपको नमस्कार करता हूँ ! कहकर हाथ जोड़ता, आगे बढ़ने लगा। किन्तु थोड़ी ही देर में उसके पीछे लोगोंकी एक टोली-सी लग गई और सब लोग उसका उपहास करने लगे। पर वल्कल चीरीका इस उपहास की ओर ध्यान ही न था और वह कुछ समझता भी न था, अतएव इतनी हँसी की जाने पर भी उसे क्रोध नहीं आया। अंतमें लोग उसे पागल समझकर अपने-अपने रास्ते चले गये।

इधर वल्कलचीरी मनमें यह सोचते हुये आगे बढ़ता गया कि,-मैं इस आश्रम में जाऊँ या उसमें ! इस प्रकार वह पोतनपुर में खूब भटका। किसी ने भी उसे न तो बुलाया और न यही पूछा कि तुझे कहाँ जाना है? वह भटकता-भटकता वेश्याओं के मुहल्ले में जा पहुँचा। किन्तु गृहस्थों के घरों की अपेक्षा वेश्याओं के द्वार अधिकतर खुले ही रहते हैं।

वल्कलचीरी ने समझा कि,—यहाँ के महर्षि आश्रय देनेवाले प्रतीत होते हैं। अतएव अत्यन्त थक जाने के कारण धनुष से छूटे हुये बाण की तरह एक वेश्या के घर में चला गया और किसीने भी रोक-टोक नहीं की।

वैसे भी वेश्याओं के घर में पहली बार तो रोक टोक होती ही नहीं; बल्कि प्रारंभ में तो आनेवाले का स्वागत ही किया जाता है। अर्थात् वेश्याओं के घर भटकने वालों के लिए रोक-टोक उनके जेब खाली हो जानेपर ही की जाती है।

युवा तापसको अपने घर में आया देखकर अत्यंत प्रसन्न चित्त हो वेश्या उसके सामने आयी। किन्तु उसे भी महर्षि मानकर वल्कलचीरी ने कहा,-तात! मैं आपको नमस्कार करता हूँ।

यह सुन वेश्या अपनी हँसी न रोक सकी।

मुझे एक कुटिया दो और किराये के लिये यह द्रव्य लो। यों कहकर वल्कलचीरी ने रथिक का दिया हुआ सब धन वेश्याके सम्मुख रख दिया।

यह आपकी ही कुटिया है। यों कहकर वेश्या ने वल्कलचीरी को एक कोमल आसन पर आग्रहपूर्वक बिठाया और दासी को आज्ञा दी कि अभी जाकर नाई को ले आओ!

बेचारे वल्कलचीरी ने बाल न कटवाने के लिए बहुत आनाकानी की। किन्तु वेश्याने उसे समझाने के साथ ही धमकी से काम लिया। जैसे तैसे हजामत तो बन गई। किन्तु जब स्नान के लिए वल्कल उतार कर वस्त्र पहनाना आरंभ किया; तो वह इस बात को न सह सका और एक अबोध बालक की तरह रो पड़ा। क्यों कि वेश्या के बलात्कार के सम्मुख वह क्रोध कर उसका सामना कर सकने की स्थिति में ही नहीं। अतएव रोते-रोते उसने कहा,—**"हे महामुनि ! मैंने अपने जन्मकालसे ही यह मुनिवेष धारण किया है इसलिए कृपा करके इसे मुझसे मत छीनिये!"**

"अरे भले मुनिपुत्र! इस आश्रम में अतिथिरूप में पधारनेवाले महर्षियों का स्वागत करने की हमारे यहाँ यही रीति है। तब तुम इसकी अवगणना क्यों करते हो? यदि तुम हमारी बात नहीं मानोगे तो यहाँ कुटियाँ भी नहीं मिल सकेगी और तुम्हारा दिया हुआ धन भी वापस नहीं मिल सकेगा।"

वेश्या की इस धमकीका आश्चर्यजनक प्रभाव पड़ा और आश्रय के लोभ से वल्कलचीरी भी चुप हो गया। मंत्र से वशीभूत हो जाने वाले सर्पकी तरह उसने मौन धारणकर लिया।

अततः वेश्याने खुद ही वल्कलचीरी के जटिल केशपाश में तैल डाला और उसके सम्पूर्ण शरीर पर भी तैल की मालिश कर अच्छी तरह मलमलकर स्नान कराया। इस प्रकार गरम और सुगन्धित जल से स्नान कराकर जब वेश्या ने वल्कलचीरी को वस्त्रालंकार से सुसज्जित किया; तब उस राजपुत्र की मुख कांति मनोमुग्धकर बन गई, और वह वेश्या उस आश्चर्यकारी गुलाबी सौंदर्य को देखती रह गई।

इस प्रकार वल्कलचीरी को तैयार कर वेश्या उत्साहपूर्वक विवाह की तैयारी करने लगी। और रात होने तक तो सभी प्रकार की तैयारी हो गई। अतः आसपासकी वेश्याओं तथा पुरोहित एवं बाजा बजाने वालों को बुलाकर वेश्याने तुरंतही विवाह विधि आरंभ कराई। अपनी एकमात्र पुत्री को उसने वल्कलचीरी के साथ ब्याह दिया। पुरोहित ने मन्त्रोच्चारण किया और वेश्याओं ने विवाह के गीत गाना आरंभ कर दिया। फलतः बाजों की ध्वनि से सारा मुहल्ला गूँज उठा।

रात्रि के प्रशान्त वातावरणमें बाजों की ध्वनि राजमहल तक जा पहुँची। शय्या में पड़े-पड़े पिताजी तथा भाई की चिन्ता से विकल प्रसन्नचन्द्र राजा ने उस वाद्य ध्वनि को सुन आश्चर्य चकित होकर कहा :—

"मेरे दुःख से जब सारा नगर दुःखी हो रहा है; तब यह कौन ऐसा लोकोत्तर सुखी है, जिसके यहाँ इस समय बाजे बज रहे हैं? अथवा वह कैसा स्वार्थी मनुष्य है जो लोगों की मनोभावना की पर्वाह नहीं

करता। मृदंग की ध्वनि भले ही उसे आनन्द प्रदान करती हो ; किन्तु मुझे तो यह मृदंग के प्रहार से भी अधिक अप्रिय जान पड़ती है।"

उस समय में राजा-प्रजा का सम्बन्ध कुछ और ही प्रकार का था। अर्थात् राजा प्रजा के प्रति वात्सल्य भाव रखता था, तो प्रजा भी राजा की भक्त थी। अतएव प्रजा को सुखी रखने के लिये राजा प्राणपणसे यत्न करता और राजा के दुःख को प्रजा अपनाही मानती थी।

बल-पूर्वक शोक मनवाने राजकीय आदेश भी उन दिनों नहीं निकाले *जाते थे। अतएव जब राजा प्रसन्नचन्द्रको* उस बाजेकी ध्वनि अच्छी न लगी तो उन्होंने अपना विचार अवश्य प्रकट किया, किन्तु बाजे बजवानेवाले को पकड़ लाने की आज्ञा नहीं दी। फिर भी राजा का इतना कहना ही बस था।

बात की बात में राजा के दुःख एवं वाद्य ध्वनि अप्रिय प्रतीत होने की बात उस वेश्या के कानों तक पहुँच गई। वह आनन्दातिरेकमें जो भान भूली हुई थी, उससे सचेत हुई और तत्काल उसने गान-तान बन्द करवा दिया। इसके बाद वह राजा के पास पहुंची। और उनके सम्मुख दोनों हाथ जोड़कर नम्रता से बोली,—

"नाथ ! मेरे भयंकर अपराध को क्षमा कीजिये।" बात असलमें यह थी कि, मेरे यहाँ एक दैवज्ञ (ज्योतिषी) आया था और उसने बतलाया था कि **"तेरे घर एक ऋषिवेशधारी युवक आवेगा। वह, भविष्य में राजा बनेगा। इसलिये अपनी पुत्री का तू उससे विवाह कर देना। सो आज सौभाग्य से एक ऋषिवेशधारी मेरे घर आ पहुँचा!"**

राजा प्रसन्नचन्द्रने एकदम खड़े होकर प्रसन्नता के साथ पूछा,-**वह कहाँ है ?**

"मेरे घरपर ही है, देव! उस संसार-व्यवहारसे सर्वथा अजान ऋषिकुमार के साथ मैंने अपनी पुत्री का विवाह कर दिया! और उस विवाह के निमित्त ही मेरे यहाँ गीत गाये जा रहे थे और बाजे भी बज रहे थे। आपके दुःखका मुझे जरा भी पता नहीं था। इसीलिए मुझसे यह भूल हुई है। अतएव मेरी इस धृष्टताको क्षमा कीजिये, कृपानाथ!"

वेश्या जब इस प्रकार क्षमा-याचना कर रही थी; उस समय राजा किसी दूसरे ही विचार में मग्न थे। उन्होंने सोचा कि,–**कहीं वह मेरा भाई ही तो नहीं है? संभव है, वही हो! नहीं-नहीं, वह कैसे हो सकता है?- –फिर भी पता तो लगाया जाय!**

तत्काल ही राजा प्रसन्नचन्द्र ने उस वेश्या के घर उन व्यक्तियों को भेजा, जो कि पहले उसे देख चुके थे! थोड़ी ही देर में उत्सुकता पूर्वक प्रतीक्षा करते हुए राजा को उन लोगों ने वापस आकर सूचना दी कि **ऋषि कुमार वही हैं।**

राजा के आनन्द की सीमा न रही। वे समस्त दुःखों को भूलकर हर्षोन्मत्त बन गये। वायु-वेग की तरह यह समाचार सारे नगर में फैल गया और नगरजन भी हर्ष से नाच उठे। उस महोत्सवमय बने हुए नगर में पत्नी बनी हुई वेश्यापुत्री के साथ हाथी पर बैठे हुये वल्कलचीरी को नगर में घुमाकर राजा अपने महल में ले गये।

वल्कलचीरी का पता लग जाने से आनन्द और उत्साहमग्न राजा प्रसन्नचन्द्र ने उसे समस्त संसार व्यवहार से परिचित कर दिया। भला, जब जंगली पशुओं को भी उचित रूप से सिखा कर संसारी बनाया जा सकता है; तो फिर वल्कलचीरी तो चाहे जितना मुग्ध होनेपर भी था तो मनुष्य ही।

फलतः व्यवहार-कुशल बन जाने वाले वल्कलचीरी को राजा प्रसन्नचन्द्र ने राज्यशासन सौंपकर अनेक राज-कुमारियों के साथ उसका विवाह कर दिया। इस प्रकार अब वह भोग-मय जीवन व्यतीत करने लगा।

एक बार कोतवाल चोरी के आरोप में एक मनुष्य को पकड़कर लाया। किन्तु उसे देखते ही वल्कलचीरी ने पहचान लिया। अर्थात् उसे मार्ग में जो रथिक मिला था, वह वही था। चोर का दिया हुआ जो द्रव्य उसने ग्रहण किया था, उसे बाजार में बेचने के लिए जाने पर सिपाही ने सन्देह में पकड़ लिया था। वल्कल चोरी को स्मरण हुआ कि,–**इसी ने मुझे पोतनपुरका मार्ग बतलाया था और इसी ने मुझे लड्डू खाने को दिये थे। तथा इसी ने मुझे वह द्रव्य भी दिया था।** उसने सोचा कि यह तो मेरे साथ विशेष

